दिन—गुरूवार दिनांक— 29/01/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि — 05 मिनट

---

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आज लोकसभा में आर्थिक सर्वेक्षण—दो हजार पच्चीस—छब्बीस पेश किया। सर्वेक्षण में देश का सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर छह दशमलव आठ प्रतिशत से सात दशमलव दो प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया है। वहीं, सेवा क्षेत्र में नौ दशमलव एक प्रतिशत की दर से वृद्धि का अनुमान व्यक्त किया गया है। सर्वेक्षण में एआई के लिए एक अलग चैप्टर रखा गया है। मुख्य आर्थिक सलाहकार के मार्गदर्शन में वित्त मंत्रालय के आर्थिक कार्य विभाग ने इसे तैयार किया है। इसके बाद सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। पहली फरवरी रविवार को केन्द्रीय बजट दो हजार छब्बीस—सत्ताईस पेश किया जाएगा। बजट सत्र का पहला चरण तेरह फरवरी तक चलेगा।

————————————————————

बिहार विधानमंडल का बजट सत्र दो फरवरी से शुरू हो रहा है। वित्त मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव तीन फरवरी को राज्य का बजट पेश करेंगे। इधर, विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने सत्र के सुचारू संचालन और अन्य मुद्दों पर चर्चा के लिए आज सर्वदलीय बैठक बुलाई है।

————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज समृद्धि यात्रा के दौरान समस्तीपुर जिले में आठ सौ सत्ताईस करोड़ रूपये लागत वाली एक सौ अट्ठासी विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और कार्यारंभ किया। श्री कुमार ने जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित बिहार के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हर क्षेत्र में कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सात निश्चय—तीन के तहत शामिल तमाम बिंदुओं पर तीव्रगति से काम हो रहा है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ जिले में चल रही विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी और सांसद संजय झा समेत कई जन प्रतिनिधि मौजूद रहे।

———————————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग—यूजीसी के भेदभाव वाले नये नियमों पर रोक लगा दी है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉय माल्या बागची की पीठ ने आज इस संबंध में दाखिल याचिका की सुनवाई की। न्यायालय ने कहा कि अगली सुनवाई उन्नीस मार्च तक इस नये नियम पर रोक रहेगी। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि तबतक दो हजार बारह का यूजीसी नियमावली ही लागू रहेगा। गौरतलब है कि यूजीसी के नये नियमों को भेदभावपूर्ण बताते हुए इसके दुरुपयोग की आशंका के विरोध में देशभर में कुछ संगठनों द्वारा प्रदर्शन किया जा रहा है।

———————————————————————————

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी—एनसीपी प्रमुख अजित पवार का अंतिम संस्कार आज पुणे जिले के बारामती में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। बेटे पर्थ पवार और जय पवार ने पिता को मुखाग्नि दी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह समेत केंद्र और राज्य के कई वरिष्ठ नेता अंतिम संस्कार में उपस्थित थे। अजित पवार का कल सुबह बारामती में विमान हादसे में निधन हो गया था।

———————————————————————————

राज्य सरकार एक सौ बहत्तर करोड़ रुपये की लागत से आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली—ईआरएसएस और राज्य पुलिस डाटा सेंटर भवन बनायेगी। उप मुख्यमंत्री सह गृहमंत्री सम्राट चौधरी ने आज पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि पटना के राजीव नगर में इन दोनों केंद्रों के लिए स्थाई भवनों के निर्माण को स्वीकृति दी गयी है। उन्होंने कहा कि इससे प्रशासनिक कार्यों में सुगमता आयेगी, साथ ही पुलिसकर्मियों को बेहतर कार्य वातावरण मिलेगा। साथ ही आपातकालीन सेवाओं को अधिक सुदृढ़ बनाने में मदद मिलेगी।

———————————————————————————

उर्दू निदेशालय, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के तत्वावधान आज पटना हिन्दी भवन में शाद अजीमाबादी स्मृति समारोह का आयोजन किया गया। इसके तहत बज्म—ए—सुखन मुशायरे का आयोजन किया गया।

———————————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के अधिकतर भागों में हल्की बूंदाबांदी के बाद ठंड में बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार अधिकतर स्थानों पर अधिकतम तापामन में एक से दो डिग्री सेल्सियस की कमी हुई है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनों तक तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। विभाग ने इस दौरान पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, शिवहर, सीतामढ़ी और मधुबनी जिले में एक–दो स्थानों पर घने कोहरे की संभावना को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। अब आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।